प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.04.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लोकसेवकों से असाधारण गति से काम करने का किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य बिजली बोर्ड की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए 2 हज़ार पद भरेगी सरकार।
- रोहडू उपमंडल के डोडराक्वार में एक वाहन के खाई में गिरने से एक महिला की मौत– 25 अन्य घायल।
- राज्य की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात व अन्य क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान।

प्रधानमंत्री सिविल सेवा दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है क्योंकि सरकार देश में समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास का मतलब है हर घर को स्वच्छ जल, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर उद्यमी को वित्तीय संसाधन और हर गांव को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ। नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर लोकसेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने देश में युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति से काम करने की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रशासन, पारदर्शिता और नवाचार में नए मानक स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने तेजी से बदलते समय में वैश्विक चुनौतियों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को राज्य में बिजली क्षति का सही आकलन करने और बिजली चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। वे आज शिमला में राज्य विद्युत बोर्ड और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने वाणिज्यिक, औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं की फीडर मैपिंग करने के भी निर्देश दिए ताकि सभी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बिजली

बोर्ड के अन्य निगमों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को 30 अप्रैल तक विभाग चुनने का विकल्प दिया जाए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि इसका कर्मचारियों की पदोन्नति और अन्य लाभों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वे वर्तमान सेवा शर्तों के अंतर्गत ही कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य बिजली बोर्ड की कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने के दृष्टिगत टी–मेट्स और लाइनमैन के 2 हज़ार पद भरेगी। मुख्यमंत्री ने 4 सौ 50 मेगावाट शोंग–टोंग जल विद्युत परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की।

आग रोकथाम

गर्मियों के मौसम में प्रदेश के वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ सभी तैयारियां कर ली हैं। वन विभाग में शिमला वृत के मुख्य अरण्यपाल के. थिरूमल ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के माध्यम से लोगों से जंगलों की आग की रोकथाम में सहयोग की अपील के साथ–साथ वनों में आग न लगाने का आग्रह भी किया है। के.थिरूमल ने कहा कि अभी तक प्रदेश में 89 जंगलों की आग के मामले सामने आए हैं। के. थिरूमल ने बताया कि पंचायत स्तर पर लोगों को वन विभाग के गार्ड, रेंजर और डी.एफ.ओ. वनों की आग से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्रदेश में 2 हज़ार 5 सौ आग लगने के मामले सामने आए थे, जिसमें करोड़ों रूपये की वन संपदा को नुकसान हुआ था।

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा मैडिकल डिवाइस पार्क को लेकर उठाए गए सवालों को भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये प्रोजैक्ट राज्य सरकार खुद बना रही है और केंद्र से मिले 25 करोड़ रूपये ब्याज सहित वापिस किए जा चुके हैं। नरेश चौहान ने आरोप लगाया कि मैडिकल डिवाइस पार्क में केंद्र ने हिमाचल के हितों का ध्यान नहीं रखा था।

सत्ती

दूसरी ओर पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व विधायक सतपाल सत्ती ने कहा है कि हिमाचल दौरे के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा कांग्रेस सरकार पर लगाए गए आरोप तथ्यों पर आधारित हैं। ऊना में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि जे.पी. नड्डा ने स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए हिमाचल को मैडिकल डिवाइस पार्क के लिए सौ करोड़ रूपये की योजना स्वीकृत करवाई थी और इसमें से 25 करोड़ जारी भी कर दिए गए थे। सतपाल सत्ती ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को विभिन्न विकास योजनाओं के लिए भरपूर सहायता प्रदान की है।

दुर्घटना

शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल के डोडरा क्वार में छबोड़ कैंची के पास आज एक बोलेरो कैंपर के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से एक महिला की मौत हो गई जबकि 25 अन्य घायल हुए हैं। ये वाहन डोडरा से गोसंगों पुल की ओर जा रहा था। मृतक महिला की पहचान डोडरा क्वार की शाना देवी के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को सिविल अस्पताल संधासू रैफर किया गया है जबकि अन्य 20 घायलों का इलाज डोडरा क्वार अस्पताल में चल रहा है। वाहन में कुल 26 लोग सवार थे और सभी डोडरा क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो में क्षमता से अधिक लोग बैठे हुए थे।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आज प्रदेश की ऊंची चोटियों पर रूक–रूक कर हल्का हिमपात जबकि अन्य भागों में ओलावृष्टि हो रही है। लाहौल–स्पिति, कुल्लू व किन्नौर ज़िलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य के निचले ज़िलों में कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि का समाचार है। किन्नौर ज़िले में पिछले कल बंद हुए राष्ट्रीय राजमार्ग–5 को आज दोपहर बाद बहाल कर दिया गया है और इस मार्ग पर फंसे पर्यटकों को आज उनके गंतव्य स्थानों के लिए भेज दिया गया है। इस बर्फबारी से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब बागीचों में हुई फ्वावरिंग पर विपरीत असर पड़ा है, वही निचले इलाकों में बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को भी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 7 जिलों सोलन, शिमला, बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर, उना और मंडी में वर्षा और अंधड़ चलने का यलो अलर्ट जारी किया है।

धरना

बैकलॉग कोटे की भर्तियां करने की मांग को लेकर दृष्टिबाधित संघ के सदस्य आज फिर से शिमला स्थित सचिवालय के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। दृष्टिबाधित संघ के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कई बार सरकार के साथ बातचीत के बाद भी कोई परिणाम नहीं निकला और जब तक बैकलॉग कोटे की भर्तियां नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।

धरना–प्रदर्शन

पुलिस द्वारा गत 12 अप्रैल को शिमला में एक वकील के साथ किए गए दुर्व्यवहार और मारपीट के विरोध में प्रदेश हाईकोर्ट के वकीलों ने आज छोटा शिमला थाना का घेराव कर सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया। वकीलों का आरोप है कि पुलिस मामले में पक्षपात कर रही है और दोषी पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय वकील पर कार्रवाई की गई।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लोकसेवकों से असाधारण गति से काम करने का किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य बिजली बोर्ड की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए 2 हज़ार पद भरेगी सरकार।
- रोहड़ू उपमंडल के डोडराक्वार में एक वाहन के खाई में गिरने से एक महिला की मौत– 25 अन्य घायल।
- राज्य की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात व अन्य क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान।

--------------